भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 581**

दिनांक 06.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**जनजातीय परिवारों को पाइप द्वारा जलापूर्ति**

**581. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार तेलंगाना में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जनजातीय परिवारों को पाइप से जलापूर्ति उपलब्ध कराने की किस प्रकार योजना बना रही है;

(ख) तेलंगाना में कितने प्रतिशत जनजातीय गांवों में वर्तमान में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है;

(ग) पूर्ण कवरेज के इस अंतर को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(घ) तेलंगाना के जनजातीय क्षेत्रों में पाइप से जल के बुनियादी ढांचे के नियमित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए क्या तंत्र स्थापित किया गया है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति

(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ) जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, तेलंगाना में 924 जनजातीय गांवों (>40% अनुसूचित जनजाति के घरों) की पहचान की गई है, जिनमें से 883 गांव एमवीएस और एसवीएस योजनाओं के तहत शामिल किए गए हैं और शेष 41 गांवों को स्थानीय निजी स्रोतों से शामिल किया जा रहा है।

एमवीएस योजनाओं के मामले में, पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग, तेलंगाना सरकार द्वारा गांव तक थोक जल आपूर्ति के प्रचालन और रखरखाव (ओएंडएम) की देखभाल की जा रही है। मिशन भागीरथ विभाग के तकनीकी पर्यवेक्षण के तहत संबंधित ग्राम पंचायतों (जीपी) द्वारा गांवों के आंतरिक बुनियादी ढांचे का प्रचालन और रखरखाव किया जा रहा है। ग्राम पंचायत गांव के भीतर हर घर में जल आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। निवारक अनुरक्षण सहित मामूली मरम्मत और रखरखाव करने हेतु व्यापक कौशल से युक्त करने के लिए ग्राम के जल कार्याकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

****